**कोड-002**

# वार्षिक परीक्षा 2017-18

कक्षा- नवमीं | विषय - हिन्दी विशिष्ट

CGBOARDonline.com

समय - 3.00 घंटे | पूर्णांक - 75

निर्देश :- सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है ।

प्रश्न क्र. 1 में वस्तुनिष्ठ प्रश्न के तीन खण्ड है, प्रत्येक पर 1 अंक निर्धारित है।

प्रश्न क्र. 2 से 6 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक पर 2 अंक निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 7 से 10 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक पर 3 अंक निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 11 से 15 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक पर 4 अंक निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 16 एवं 17 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक पर 5 अंक निर्धारित है

प्रश्न क्र. 18 दीर्घउत्तरीय प्रश्न है इस पर 8 अंक निर्धारित है ।

---

प्रश्न 1. (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए ।

(1) 'अकेली' पाठ के लेखक है ।

(अ) प्रेमचंद (ब) मन्नू भंडारी

(स) यशपाल (द) अनीता सक्से

(2) संज्ञा के बदले में आने वाले शब्द कहलाते हैं ।

(अ) संज्ञा (ब) क्रिया

(स) सर्वनाम (द) विशेषण

(3) अखबार में नाम छपवाने की प्रबल इच्छा थी ।

(अ) गुरुदास (ब) कबीर दास

(स) बनवारी (द) महेश

(4) माता-पिता शब्द में समास है ।

(अ) द्विगु समास (ब) कर्मधारय समास

(स) तत्पुरुष समास (द) द्वन्द्व समास

(5) पवन दीवान का जन्म हुआ था।

(अ) सिरपुर (ब) रतनपुर

(स) किरवई (द) रायपुर

CGBOARDonline.com

(ब) उचित संबंध जोड़िए ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | मेघालय | - | लोककथा |
| (2) | तोत्तोचान | - | डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम |
| (3) | हिरन अउ कोलिहा | - | लोकगीत |

P.T.O.

(4) मिसाइल मैन - शिलांग

(5) सुआ - अपूर्व अनुभव

(स) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। CGBOARDonline.com

(1) संगीत विश्वविद्यालय ----------- में है।

(2) एशिया का सबसे साफ-सुथरा गांव ----------- है।

(3) रामचरित मानस ग्रन्थ की रचना ----------- ने की।

(4) पहुना का अर्थ ----------- है।

(5) रीढ़ की हड्डी एकांकी के मुख्य पात्र का नाम ----------- है।

प्रश्न 2. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

(1) आंख (2) सुबह

प्रश्न 3. 'कारी व 'वाला' प्रत्यय जोड़कर प्रत्येक से दो-दो शब्द बनाइए।

प्रश्न 4. मानवीकरण अलंकार किसे कहते हैं ?

प्रश्न 5. संधि विच्छेद कर संधि का नाम लिखिए।

(1) विद्यालय (2) नयन

प्रश्न 6. 'मरम' से कबीर का क्या आशय है ?

प्रश्न 7. उमा के चरित्र की तीन विशेषताएं लिखिए।

प्रश्न 8. ग्रीष्म काल में झाँझ चलने से क्या प्रभाव पड़ता है ?

प्रश्न 9. प्लास्टिक से क्या-क्या समसस्याएं हो रही है ?

प्रश्न 10. गुरदास अखबार में नाम छपवाने के लिए क्यों उतावला था ?

प्रश्न 11. निम्नलिखित गद्यांश का भावार्थ लिखिए।

लूट लिया माली ने उपवन, लूटी न लेकिन गंध फूल की,
तूफानों तक ने छेड़ा पर, खिड़की बंद न हुई धूल की,
नफरत गले लगाने वालों, सब पर धूल उड़ाने वालों
कुछ मुखड़ां की नाराजी से दर्पण नहीं मरा करता है।

अथवा CGBOARDonline.com

'आस-पास में है फुलवारी, कहीं-कहीं पर बाग अनुप,
केले, नारंगी के तरुगण दिखलाते हैं सुन्दर रुप।
नूतन मीठे फल बागों से नित खाने को मिलते हैं,
देने को फुलेल-सा सौरभ पुष्प यहां नित खिलते हैं।

प्रश्न 12. निम्नलिखित गद्यांश का भावार्थ लिखिए।

लोकगीत सहज संप्रेष्य होते हैं। इसके कुछ कारण है - पहला लोगीत किसी एक व्यक्ति की अभिव्यक्ति नहीं है। दूसरा लोकगीत समूह की मानसिकता पर आधारित होते हैं।

तीसरा, लोकगीत विचारों के वाहक ही नहीं रंजन का साधन भी है और चौथा, लोकजीवन की सहजता लोकगीतों को असहज नहीं होने देती।

CGBOARDonline.com

अथवा

"बेचारे इतने हंगामें में बुलाना भूल गये तो मैं भी मान करके बैठ जाती। फिर घरवालों को कैसा बुलाना ? मैं तो अपनेपन की बात जानती हूं। कोई प्रेम नहीं रखे तो दस बुलावे पर नहीं जाऊँ और प्रेम रखे तो बिना बुलाए भी सिर के बल जाऊँ। मेरा अपना हरखू होता और उसके घर काम होता तो क्या मैं बुलावे के भरोसे बैठी रहती ?

प्रश्न 13. लोकगाथा किसे कहते हैं ? किन्हीं दो लोकगाथा व लोकगायकों के नाम लिखिए।

अथवा

कवि हर छत्तीसगढ ल राम-लखन के ममियारों कोन अधार म केहे हे ?

प्रश्न 14. लेखक ने ऐसा क्यों कहा है कि गुल्ली डंडा सब खेलों का राजा है ?

CGBOARDonline.com

अथवा

गाँव के पुल का नाम 'लाइव रुट ब्रिज' ही क्यों रखा गया होगा ?

प्रश्न 15. राजा रामशाह और उनके पुत्र राजेन्द्रशाह के व्यक्तित्व में क्या-क्या समानताएं थी ?

अथवा

जामुन के पेड़ के नीचे दबे आदमी को आधा दिन बीत जाने तक भी क्यों नहीं निकाला जा सका ?

प्रश्न 16. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढकर नीचे दिए गए किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

"स्वावलम्बन का गुण सभी को सरलता से प्राप्त हो सकता है। यह किसी विशेष जाति, विशेष धर्म तथा विशेष देश के निवासी की सम्पत्ति नहीं है। स्वावलम्बन सभी के लिए चाहे वह पूंजीपति हो या मजदूर, पुरुष हो या स्त्री, वृद्ध हो या बालक, काला हो या गोरा, शिक्षित हो या अशिक्षित, प्रत्येक समय, प्रत्येक स्थान पर सुलभ है इतिहास साक्षी है। कि अत्यन्त दीन तथा निर्धन व्यक्तियों ने स्वावलम्बन के अलौकिक गुण द्वारा महान उन्नति की है। समाचार पत्र बेचेने वाला एडिसन एक दिन महान उपन्यासकार हुआ। चन्द्रगुप्त नामक एक निर्धन और साधारण सिपाही भारत का चक्रवर्ती सम्राट हुआ। हैदरअली आरम्भ में एक सिपाही था, स्वावलम्बन के कारण ही उसने दक्षिण भारत में अपना राज्य स्थापित किया।"

CGBOARDonline.com

प्रश्न (1) इस अपठित गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(2) स्वावलम्बन का गुण कैसे प्राप्त होता है ?

(3) स्वावलम्बन कहाँ-कहाँ सुलभ है ?

(4) निर्धन व्यक्तियों ने कैसे उन्नति प्राप्त की है ?

CGBOARDonline.com

(5) निर्धन और साधारण सिपाही कौन था ?

(6) दक्षिण भारत में किसने अपना राज्य स्थापित किया ?

प्रश्न 17. शुल्क मुक्ति हेतु अपने प्राचार्य को एक आवेदन पत्र लिखिए।

CGBOARDonline.com

अथवा

अपने मित्र को अपनी दीदी के विवाह में आमंत्रित करते हुए एक पत्र लिखिए।

प्रश्न 18. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखिए।

(1) विज्ञान की देन

(2) स्वच्छता अभियान

(3) प्लास्टिक के दुष्प्रभाव

(4) वृक्षारोपण

CGBOARDonline.com

---00--